कंसल्टेंट एजेंसी तय, SCR के लिए जल्द शुरू होगा सर्वे

18 सदस्यीय टीम तैयार करेगी विकास का खाका

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए एलडीए ने कंसल्टेंट एजेंसी का चयन लगभग तय कर लिया है। इसमें 18 विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो पांचों जिलों में विकास का खाका तैयार करेंगे। इनकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

प्रस्ताव के तहत, एससीआर में लखनऊ के साथ हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों का बड़ा हिस्सा शामिल किया जाएगा। इन इलाकों को एनसीआर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इससे पांच जिलों के करीब 10 हजार गांवों की सूरत बदलेगी। इन जिलों

AI Image

को आपस में जोड़ने के लिए फ्लाईओवर का जाल बिछाया जाएगा। अफसरों की मुताबिक, करीब 100 किलोमीटर की दो रिंग रोड बनाने का भी प्रस्ताव है। इसके साथ पांच एलिवेटेड रोड बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए पांचों जिलों में सर्वे होगा। सर्वे के लिए एससीआर की नोडल एजेंसी एलडीए ने टेंडर जारी किया था। इसमें आठ कंपनियों ने हिस्सा लिया था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस काम के लिए चेन्नै की कंपनी चुनी गई है। यह कंपनी जल्द सर्वे शुरू करेगी।